रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	29/12/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 निम्न में से कौन-सी संरचनात्मक विशेषता असंतृप्त कार्बनिक यौगिकों की उच्च अभिक्रियाशीलता में योगदान करती है?

Ans
- ✗ A. कार्बन परमाणु की आधारभूत संरचना का अपूर्ण निर्माण
- ✗ B. यौगिक अणु में हाइड्रोजन परमाणुओं की पूर्ण अनुपस्थिति
- ✓ C. कार्बन परमाणुओं के बीच द्वि-आबंध या त्रि-आबंध का अस्तित्व
- ✗ D. कार्बन संरचना से जुड़े हैलोजेन परमाणुओं की उपस्थिति

Q.2 एकसमान त्वरित गति के लिए, वेग-समय ग्राफ के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. ग्राफ सदैव वक्राकार होता है क्योंकि वेग अनियमित रूप से बदलता है।
- ✓ B. ग्राफ एक ऋजु रेखा है क्योंकि वेग समान समयांतराल में समान परिमाण में बदलता है।
- ✗ C. गति के आधार पर ग्राफ का कोई भी आकार हो सकता है।
- ✗ D. ग्राफ क्षैतिज है क्योंकि वेग स्थिर रहता है।

Q.3 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पदार्थ की तीन अवस्थाओं में कणों के बीच आकर्षण शक्ति को सही ढंग से दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. ठोस > गैस > द्रव
- ✓ B. गैस < द्रव < ठोस
- ✗ C. ठोस < द्रव < गैस
- ✗ D. गैस > द्रव > ठोस

Q.4 हालांकि महिलाओं में नियमित रूप से अंडोत्सर्ग होता है, लेकिन गर्भाशय का अस्तर प्रत्येक माह रजोधर्म के दौरान निस्तारित हो जाता है। इससे निषेचन के संबंध में क्या पता चलता है?

Ans
- ✓ A. निषेचन नहीं हो रहा है
- ✗ B. अंडाशय अंडे नहीं मुक्त कर रहा है
- ✗ C. गर्भाशय भ्रूण को अस्वीकार कर रहा है
- ✗ D. निषेचन हर बार हो रहा है

Q.5 निम्नलिखित में से किस पर स्थिर अनुपात का नियम लागू नहीं होता है?

Ans
- ✗ A. आयनिक यौगिक (Ionic Compounds)
- ✗ B. तत्वों (Elements)
- ✗ C. यौगिकों (Compounds)
- ✓ D. मिश्रण (Mixtures)

Q.6	एक पत्थर स्वतंत्र रूप से गिरता है और 20 m की दूरी (s) को 2.0 s समय (t) में तय करता है। गुरुत्वीय त्वरण (g) का मान कितना होगा?
Ans	✗ A. 12.0 m/s2
	✗ B. 8.0 m/s2
	✗ C. 20.0 m/s2
	✓ D. 10.0 m/s2

Q.7	यदि किसी कंपनशील वस्तु की आवृत्ति 50 Hz है, तो उसका आवर्तकाल कितना होगा?
Ans	✓ A. 0.02 s
	✗ B. 0.2 s
	✗ C. 2 s
	✗ D. 5 s

Q.8	पारंपरिक रूप से, इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह को देखते हुए, विद्युत परिपथ में विद्युत धारा की निर्दिष्ट दिशा कैसी होती है?
Ans	✗ A. धनात्मक आवेशों के प्रवाह के विपरीत
	✗ B. अणुओं की गति के समान
	✓ C. इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह के विपरीत
	✗ D. परमाणुओं की गति के समान

Q.9	एक वस्तु को 25.0 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 35.0 cm की दूरी पर रखा गया है। दर्पण से कितनी दूरी पर प्रतिबिंब बनेगा?
Ans	✗ A. 10 cm
	✗ B. - 8.75 cm
	✓ C. - 87.5 cm
	✗ D. 8.75 cm

Q.10	भंडारण से पहले अनाज को पहले धूप में तथा फिर छाया में क्यों सुखाया जाता है?
Ans	✗ A. समय बचाने के लिए
	✗ B. उन्हें मुलायम बनाने के लिए
	✗ C. अनाज का रंग कम करने के लिए
	✓ D. नमी की मात्रा कम करने और खराब होने से बचाने के लिए

Q.11	मानव मादाओं में, यदि अंडा निषेचित नहीं होता है, तो गर्भाशय अस्तर के मासिक बहाव को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?
Ans	✓ A. रजोधर्म (Menstruation)
	✗ B. परिपक्व (Maturation)
	✗ C. अनुरक्षण (Maintenance)
	✗ D. निषेचन (Fertilisation)

Q.12	आप अवतल और उत्तल दर्पणों की पहचान उनके परावर्तक पृष्ठों की दिशा के आधार पर कैसे कर सकते हैं?
Ans	✗ A. अवतल दर्पण प्रकाश को बाहर की ओर परावर्तित करता है, जबकि उत्तल दर्पण इसे अंदर की ओर परावर्तित करता है।
	✓ B. अवतल दर्पण का परावर्तक पृष्ठ अंदर की ओर वक्रित होता है; उत्तल दर्पण का परावर्तक पृष्ठ बाहर की ओर वक्रित होता है।
	✗ C. अवतल और उत्तल दोनों दर्पणों की परावर्तक पृष्ठ दिशा समान होती है।
	✗ D. अवतल दर्पण और उत्तल दर्पण दोनों ही अंदर की ओर परावर्तित होते हैं।

Q.13	1 kg द्रव्यमान का एक ब्लॉक 20 m ऊंची एक इमारत के शीर्ष से गिराया जाता है। ब्लॉक ज़मीन से किस वेग से टकराएगा? (g का मान = 10 m/s^2 मानिए)
Ans	✗ A. √40 m/s
	✓ B. 20 m/s
	✗ C. 40 m/s
	✗ D. √20 m/s

Q.14	कार्बन यौगिक के पूर्ण दहन से निम्नलिखित में से क्या उत्पन्न होता है?
Ans	✗ A. कार्बन मोनोक्साइड और जल
	✗ B. कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन
	✓ C. कार्बन डाइऑक्साइड और जल
	✗ D. कार्बन और ऑक्सीजन

Q.15	पृथ्वी पर जीवन समस्त जीवों के लिए ऊर्जा के मुख्य स्रोत के रूप में ______ अणुओं पर निर्भर करता है।
Ans	✗ A. नाइट्रोजन-आधारित
	✗ B. प्रोटीन-आधारित
	✗ C. ऑक्सीजन-आधारित
	✓ D. कार्बन-आधारित

Q.16	गॉल्जी उपकरण के कार्य में पुटिकाएं क्यों महत्वपूर्ण हैं?
Ans	✗ A. वे गॉल्जी उपकरण में पैकेजिंग के लिए आवश्यक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं
	✗ B. वे अपशिष्ट पदार्थों को पचाते हैं
	✓ C. वे गॉल्जी उपकरण से पदार्थों को लाते और ले जाते हैं
	✗ D. वे नाभिक बनाने में मदद करते हैं

Q.17	गॉल्जी उपकरण को बनाने वाली चपटी, ढेर किए गए थैलियों (flat, stacked sacs) को क्या नाम दिया गया है?
Ans	✓ A. सिस्टर्नी (Cisternae)
	✗ B. थायलाकोइड्स (Thylakoids)
	✗ C. क्रिस्टे (Cristae)
	✗ D. पुटिकाओं (Vesicles)

Q.18	एथेनोइक अम्ल अल्कोहल के साथ अभिक्रिया करके कौन सा यौगिक बनाता है?
Ans	✗ A. एल्डिहाइड (Aldehyde)
	✓ B. एस्टर (Esters)
	✗ C. कीटोन (Ketone)
	✗ D. ऐल्कोहॉल (Alcohols)

Q.19	निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए। कथन A: पौधों को उचित वृद्धि के लिए विशिष्ट मृदा pH मान की आवश्यकता होती है। कथन B: किसान pH मान का उपयोग उर्वरक के प्रकार को तय करने के लिए करते हैं।
Ans	✓ A. कथन A और B दोनों सही हैं।
	✗ B. कथन A गलत है लेकिन B सही है।
	✗ C. कथन A और B दोनों गलत हैं।
	✗ D. कथन A सही है लेकिन B गलत है।

Q.20	यदि अंडा निषेचित नहीं होता है, तो महिला के शरीर में क्या होता है?
Ans	✗ A. अंडा गर्भाशय में रहता है और भ्रूण में बदल जाता है।
	✗ B. अंडाशय स्थायी रूप से अंडे मोचित करना बंद कर देता है।
	✓ C. गर्भाशय अस्तर विच्छेद हो जाता है तथा रक्त और श्लेष्मा के रूप में निष्कासित हो जाता है।
	✗ D. मोटा गर्भाशय अस्तर स्थायी रूप से बना रहता है।

Q.21	एक सीधे धारावाही चालक के परित: चुंबकीय क्षेत्र, _______________।
Ans	✗ A. चालक के अनुदिश इंगित करता है
	✗ B. शून्य होता है
	✗ C. अरीय रूप से बाहर की ओर इंगित करता है
	✓ D. चालक के परित: संकेंद्रित वृत्त बनाता है

Q.22	जब कोई ठोस पिघलता है लेकिन उसका तापमान अपरिवर्तित रहता है, तो ऊष्मा ऊर्जा कहाँ जाती है?
Ans	✗ A. यह प्रतिकर्षण बल को दूर करने के दौरान परिवेश में विलीन हो जाती है।
	✗ B. आकर्षण बल को दूर करने के दौरान यह ऊर्जा परिवेश में विलीन हो जाती है।
	✓ C. इसका उपयोग कणों के बीच के आकर्षण बल को दूर करने के लिए होता है।
	✗ D. इसका उपयोग कणों के बीच के प्रतिकर्षण बल को दूर करने के लिए होता है।

Q.23	किसी तत्व के समस्थानिकों में __________ की संख्या समान होती है।
Ans	✗ A. नाभिक
	✗ B. न्यूट्रॉन
	✗ C. इलेक्ट्रॉन
	✓ D. प्रोटॉन

Q.24	चलती कार में अचानक ब्रेक लगाने पर यात्री आगे की ओर झटका क्यों खाते हैं?
Ans	✓ A. गति के जड़त्व के कारण जो शरीर को आगे की ओर गतिमान रखता है
	✗ B. ब्रेक यात्रियों को आगे की ओर धकेलते हैं
	✗ C. सीट और शरीर के बीच घर्षण के कारण
	✗ D. इंजन द्वारा लगाए गए बल के कारण

Q.25	निम्नलिखित में से कौन-सा अजैविक कारक, कृषि उपज में भंडारण हानि के लिए जिम्मेदार है?
Ans	✗ A. कवक (Fungi)
	✗ B. कीट (Insects)
	✗ C. कृंतक (Rodents)
	✓ D. आर्द्रता (Moisture)

Section : **Mathematics**

Q.26	संख्याओं 4220, 5440 और 6880 का HCF (महत्तम समापवर्तक) ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 20
	✗ B. 80
	✗ C. 40
	✗ D. 60

Q.27	त्रिभुज XYZ में, भुजा XY = 12 cm, YZ = 15 cm और कोण ∠Y = 120° है। भुजा XZ की लंबाई कितनी है?
Ans	✗ A. $5\sqrt{61}$ cm
	✗ B. $7\sqrt{61}$ cm
	✓ C. $3\sqrt{61}$ cm
	✗ D. $\sqrt{61}$ cm

Q.28	रीना, मीना से 5 वर्ष बड़ी है। अब से आठ वर्ष पहले, रीना की आयु मीना की आयु से दोगुनी थी। रीना की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 32 वर्ष
	✓ B. 18 वर्ष
	✗ C. 21 वर्ष
	✗ D. 26 वर्ष

Q.29	एक वाटर टैंक को 46 समान पाइपों का उपयोग करके 13 मिनट में भरा जा सकता है। यदि केवल 27 ऐसे पाइपों का उपयोग किया जाए, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)
Ans	✓ A. 22.15
	✗ B. 13.33
	✗ C. 20.82
	✗ D. 15.63

Q.30	एक आयताकार मैदान की लंबाई $(2x + y^2)$ m और चौड़ाई $(2x - y^2)$ m है। आयताकार मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जहां x = 2 और y = 1 है।
Ans	✗ A. 29 m2
	✗ B. 12 m2
	✗ C. 26 m2
	✓ D. 15 m2

Q.31	किसी चुनाव में, विजेता को कुल वैध मतों में से 80% मत प्राप्त होता है। यदि 2,00,000 मतों में से 18% मत अवैध हों, तो विजेता के पक्ष में डाले गए मतों की संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 1,13,200
	✓ B. 1,31,200
	✗ C. 1,21,300
	✗ D. 1,32,100

Q.32	किसी कक्षा के 23 विद्यार्थियों की औसत आयु 41 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 42 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 66
	✗ B. 62
	✗ C. 64
	✓ D. 65

Q.33	चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 18° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 2 : 7 है, तो ∠Q और ∠P की मापों का अंतर कितना है?
Ans	✗ A. 16°
	✓ B. 20°
	✗ C. 17°
	✗ D. 13°

Q.34	₹13,800 का कुल लाभ A, B और C के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि A : B = 20 : 2 और B : C = 1 : 4 हो। लाभ में B का हिस्सा (₹ में) कितना है?
Ans	✗ A. 1,070
	✗ B. 820
	✗ C. 870
	✓ D. 920

Q.35	किसी बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 55.44 m^2 है, जो उसके संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का दो-तिहाई है। बेलन का आयतन दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित ज्ञात कीजिए ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)
Ans	✗ A. 47.65 m3
	✓ B. 58.21 m3
	✗ C. 36.35 m3
	✗ D. 28.31 m3

Q.36	5 पारियों में एक क्रिकेटर का औसत 80 रन है। छठी पारी में वह 194 रन बनाता है। उसके औसत स्कोर में _______ की वृद्धि हुई।
Ans	✗ A. 26
	✓ B. 19
	✗ C. 29
	✗ D. 21

Q.37	एक दुकानदार छूट की निम्नलिखित तीन स्कीमें घोषित करता है। ग्राहक के लिए कौन-सी स्कीम सबसे अधिक लाभदायक है? A. 42 वस्तुएं खरीदें और एक जैसी 47 वस्तुएं पाएं B. 16% और 36% की दो क्रमिक छूट C. 46% की दो समान क्रमिक छूट
Ans	✗ A. केवल B
	✗ B. केवल A
	✓ C. केवल C
	✗ D. C और B दोनों

Q.38	₹7,300 के मूलधन पर 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹9,391
	✗ B. ₹8,444
	✓ C. ₹8,833
	✗ D. ₹8,251

Q.39	$(5^{\frac{1}{4}}) \times (125^{0.25})$ का मान ज्ञात करें।
Ans	✗ A. $5\sqrt{5}$
	✗ B. 25
	✗ C. $\sqrt{5}$
	✓ D. 5

Q.40	एक विक्रेता ने किसी वस्तु पर 23% की छूट दी और फिर भी उसे 44% का लाभ प्राप्त हुआ। क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 74 : 149
	✗ B. 76 : 146
	✗ C. 78 : 151
	✓ D. 77 : 144

Q.41	राज की मासिक आय ₹50,000 है। वह अपनी आय का 40% घरेलू व्ययों पर खर्च करता है और शेष राशि की बचत करता है। यदि उसकी आय में 10% की वृद्धि होती है, और घरेलू व्ययों पर उसका खर्च, वृद्धि के बाद आय का 40% बना रहता है, तो वृद्धि के बाद उसके द्वारा बचत की गई राशि (₹ में) की गणना कीजिए।
Ans	✗ A. 31,500
	✗ B. 31,000
	✓ C. 33,000
	✗ D. 33,500

Q.42	यदि 8, X और 15 का चतुर्थानुपाती 135 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 73
	✗ B. 74
	✓ C. 72
	✗ D. 71

Q.43	राधा के पास ₹10 और ₹5 के सिक्के हैं। उसके पास कुल 15 सिक्के हैं जिनकी कीमत ₹85 है। उसके पास ₹5 के कितने सिक्के हैं?
Ans	✗ A. 8
	✓ B. 13
	✗ C. 5
	✗ D. 7

Q.44	एक दुकानदार 20 पेन कुल ₹200 में खरीदता है। वह प्रत्येक पेन ₹12 में बेचता है। उसका कुल लाभ कितना है?
Ans	✗ A. ₹30
	✗ B. ₹60
	✗ C. ₹20
	✓ D. ₹40

Q.45	एक शिविर में 20 विद्यार्थियों के लिए 13 दिनों का भोजन उपलब्ध है। यदि शिविर में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाकर 65 कर दी जाए, तो उतना ही भोजन कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगा?
Ans	✗ A. 5
	✗ B. 7
	✗ C. 3
	✓ D. 4

Q.46	A, B और C एक काम को क्रमशः 3, 6 और 2 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि वे तीनों मिलकर उसी काम का दोगुना काम करें, तो उन्हें कितने दिन लगेंगे?
Ans	✗ A. 6
	✗ B. 4
	✓ C. 2
	✗ D. 3

Q.47	एक बेलनाकार स्तंभ का व्यास 10 cm और ऊँचाई 35 cm है। इसकी वक्रित सतह को ₹12/cm^2 की लागत से रंगा जाना है। यदि कुल रंगाई लागत पर 10% की छूट दी जाए, तो कितनी राशि का भुगतान करना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)
Ans	✗ A. ₹11,660
	✗ B. ₹11,770
	✗ C. ₹11,550
	✓ D. ₹11,880

Q.48	एक रेलगाड़ी 84.6 km/hr की चाल से यात्रा करती है। 20 मिनट में वह कितने मीटर यात्रा करेगी?
Ans	✗ A. 24,600
	✗ B. 26,200
	✓ C. 28,200
	✗ D. 26,400

Q.49	अपने घर से अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{4}$ चाल से चलने पर, अभिषेक को अपने कार्यालय पहुँचने में 30 मिनट की देर हो जाती है। अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है?
Ans	✗ A. 91 मिनट
	✓ B. 90 मिनट
	✗ C. 93 मिनट
	✗ D. 85 मिनट

Q.50	ईंधन की कीमत तीन लगातार महीनों में क्रमशः 10%, 45% और 55% कम हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 55% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)
Ans	✗ A. 64.94% की कमी
	✓ B. 65.47% की कमी
	✗ C. 63.38% की वृद्धि
	✗ D. 70.18% की वृद्धि

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	प्रयांश बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 34 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 41 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 56 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 63 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 22 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)
Ans	✗ A. पूर्व में 20 km
	✓ B. पश्चिम में 22 km
	✗ C. पश्चिम में 23 km
	✗ D. पूर्व में 21 km

Q.52	निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 4 3 3 5 3 9 5 4 4 3 8 7 9 8 8 1 1 3 2 5 9 1 8 7 1 5 6 (दाएं) ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?
Ans	✗ A. 5
	✓ B. 3
	✗ C. 4
	✗ D. 2

Q.53	किसी निश्चित कूट भाषा में, DTWG को 42 के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा RAYI को 43 के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में OZES के लिए कूट क्या है?
Ans	✗ A. 28
	✓ B. 31
	✗ C. 35
	✗ D. 37

Q.54	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: सभी हेलमेट, चटाई हैं। सभी हेलमेट, बोतलें हैं। निष्कर्ष: (I): कुछ चटाई, बोतलें हैं। (II): सभी बोतलें, हेलमेट हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ B. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
	✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.55	उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे 95 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, श्री हेपा दाएं छोर से 9वें स्थान पर हैं। यदि श्री अन्नू, श्री हेपा के बाएं से 13वें स्थान पर हैं, तो पंक्ति के बाएं छोर से श्री अन्नू का स्थान क्या है?
Ans	✗ A. 75वां
	✗ B. 76वां
	✗ C. 73वां
	✓ D. 74वां

Q.56	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A पंक्ति के किसी एक छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। A और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर C बैठा है। C और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर F बैठा है। G के दाईं ओर किसी एक स्थान पर E बैठा है। A और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✓ A. एक
	✗ B. दो
	✗ C. एक भी नहीं
	✗ D. तीन

Q.57	उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (17, 25, 59) (5, 13, 35)
Ans	✗ A. (9, 17, 25)
	✓ B. (13, 21, 51)
	✗ C. (11, 19, 48)
	✗ D. (15, 7, 23)

Q.58	आठ व्यक्ति (P, Q, R, S, T, U, V और W) एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U और V के बीच ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, T और Q दोनों का निकटतम पड़ोसी है। Q, U के ठीक दाएं ओर बैठा है। W, R और S दोनों का निकटतम पड़ोसी है। R, T के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। W के दाएं से गिनने पर, W और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. 4
	✓ B. 2
	✗ C. 1
	✗ D. 3

Q.59	निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (बाएं) 3 4 4 9 8 8 6 8 4 2 1 1 8 5 9 8 5 7 1 8 6 2 7 2 9 2 6 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?
Ans	✗ A. 2
	✗ B. 4
	✓ C. 3
	✗ D. 5

Q.60	सचिन प्रारंभिक बिंदु A से 15 मीटर पूर्व की ओर दौड़ा। फिर वह बाएँ मुड़ा और 25 मीटर दौड़ा, फिर वह दाएँ मुड़ा और 5 मीटर दौड़ा। वह अंत में दाएँ मुड़ा और 25 मीटर दौड़कर बिंदु B पर पहुँच गया। बिंदु A तक वापस जाने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में दौड़ना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)
Ans	✗ A. 22 मीटर, पश्चिम की ओर
	✗ B. 20 मीटर, पूर्व की ओर
	✗ C. 25 मीटर, पूर्व की ओर
	✓ D. 20 मीटर, पश्चिम की ओर

Q.61	उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं। NF-KC-HJ LD-IA-FH
Ans	✓ A. TL-QI-NP
	✗ B. SL-RI-NO
	✗ C. SL-QI-NO
	✗ D. TL-QI-NO

Q.62	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? AQE3, DOH6, GMK9, ?
Ans	✗ A. KLM10
	✗ B. JKM10
	✗ C. KLN12
	✓ D. JKN12

Q.63	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 28 39 52 67 84 ?
Ans	✓ A. 103
	✗ B. 105
	✗ C. 102
	✗ D. 104

Q.64	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 102 80 58 36 14 ?
Ans	✗ A. −4
	✗ B. −6
	✗ C. 0
	✓ D. −8

Q.65	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✓ A. AD-HB
	✗ B. GJ-NI
	✗ C. EH-LG
	✗ D. CF-JE

Q.66	यदि संख्या 63157842 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?
Ans	✓ A. 3
	✗ B. 4
	✗ C. 1
	✗ D. 2

Q.67	अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, EIJI का JNON से एक निश्चित संबंध है। इसी प्रकार, PTUT का UYZY से संबंध है। इसी तर्क के आधार पर, IMNM दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?
Ans	✗ A. NRRR
	✓ B. NRSR
	✗ C. NSRY
	✗ D. NQRR

Q.68	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✔ A. BG – EL
	✘ B. OP – QU
	✘ C. KF – MK
	✘ D. SZ – UE

Q.69	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। (बाएं) 4 6 5 6 3 2 8 3 3 5 2 8 5 2 4 8 1 4 1 3 5 5 9 9 3 9 6 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं (बाएं से दाएं) हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?
Ans	✘ A. 6
	✘ B. 5
	✔ C. 4
	✘ D. 3

Q.70	दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 1101 1104 1108 1113 1119 ?
Ans	✔ A. 1126
	✘ B. 1124
	✘ C. 1123
	✘ D. 1125

Q.71	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: सभी आम, कलाकार हैं। सभी कीवी, आम हैं। निष्कर्ष: (I): सभी कीवी, कलाकार हैं। (II): कुछ कलाकार, कीवी हैं।
Ans	✔ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.72	निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? COP20 , WIJ27 , QCD34 , KWX41 , ?
Ans	✔ A. EQR48
	✘ B. EOR48
	✘ C. ELR48
	✘ D. EQP48

Q.73	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, LHIG, DZAY से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, XTUS, PLMK से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, NJKI निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
Ans	✔ A. FBCA
	✘ B. FCBK
	✘ C. FABA
	✘ D. FBBA

Q.74	यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 16 × 4 + 3 − 4 ÷ 8 = ?
Ans	✔ A. 0
	✘ B. 8
	✘ C. 4
	✘ D. 13

Q.75	निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (बाएं) 6 © % © 7 # 5 % 5 4 2 # © 5 6 2 © $ € 1 € 8 (दाएं) ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?
Ans	✘ A. 9
	✔ B. 3
	✘ C. 8
	✘ D. 4

Q.76	एक निश्चित कूट भाषा में, 'HAVE' को '4579' और 'VOLT' को '2438' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'V' का कूट क्या होगा?
Ans	✘ A. 2
	✔ B. 4
	✘ C. 8
	✘ D. 7

Q.77	यदि संख्या 4593867 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बायीं ओर से दूसरा होगा?
Ans	✘ A. 5
	✘ B. 9
	✔ C. 3
	✘ D. 8

Q.78	उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 50 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, अमित बाएं छोर से 17वें स्थान पर बैठा है। यदि विलास के दाएं केवल 18 व्यक्ति बैठे हैं, तो अमित और विलास के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✘ A. 12
	✘ B. 16
	✘ C. 15
	✔ D. 14

Q.79	एक निश्चित कूट भाषा में, A x B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है', A – B का अर्थ है कि 'A, B की माता है', A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'। यदि 'K x M – N + P ÷ Q' है, तो K का Q से क्या संबंध है?
Ans	✔ A. पत्नी के पिता
	✘ B. पुत्री का पुत्र
	✘ C. माता का पिता
	✘ D. पत्नी का भाई

Q.80	A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E, F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A के बाईं ओर से गिनने पर A और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✘ A. एक भी नहीं
	✘ B. एक
	✘ C. दो
	✔ D. चार

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81	मार्च 2025 में, निम्नलिखित में से किस राज्य की सरकार ने वर्ष 2025-2026 के दौरान 5,000 हेक्टेयर क्षेत्र में वनरोपण करने की घोषणा की?
Ans	✘ A. पश्चिम बंगाल
	✘ B. केरल
	✘ C. ओडिशा
	✔ D. हिमाचल प्रदेश

Q.82	किस अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने जुलाई 2025 में भारत के डोपिंग-रोधी कानून में संशोधनों को लेकर चिंताएँ व्यक्त की?
Ans	✘ A. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)
	✔ B. विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA)
	✘ C. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)
	✘ D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

Q.83	नवंबर 2025 में भारत में HAMMER स्मार्ट प्रिसिजन गाइडेड एयर-टु-ग्राउंड हथियारों के उत्पादन के लिए किन दो कंपनियों ने संयुक्त उद्यम सहयोग समझौते (JVCA) पर हस्ताक्षर किए?
Ans	✘ A. भारत डायनामिक्स लिमिटेड (BDL) और थेल्स समूह
	✔ B. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) और सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (SED)
	✘ C. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और लॉकहीड मार्टिन कॉर्पोरेशन
	✘ D. लार्सन एंड टुब्रो (L&T) और रेथियॉन टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन

Q.84	2025 के चुनावों के बाद, दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?
Ans	✘ A. मनीष सिसोदिया
	✘ B. अरविंद केजरीवाल
	✘ C. आतिशी मार्लेना
	✔ D. रेखा गुप्ता

Q.85	दक्षिण अफ्रीका ने किस टूर्नामेंट को जीतकर 27 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद एक बड़ा क्रिकेट खिताब जीता?
Ans	✗ A. ICC क्रिकेट विश्व कप
	✗ B. चैंपियंस ट्रॉफी
	✗ C. ICC T20 विश्व कप
	✓ D. विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप

Q.86	जुलाई 2025 में 'प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम' योजना के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस राज्य में कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया गया?
Ans	✗ A. महाराष्ट्र
	✗ B. गुजरात
	✗ C. पंजाब
	✓ D. केरल

Q.87	जून 2025 में स्पैम ऋण और क्रेडिट कार्ड कॉल पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने निम्नलिखित में से किस सरकारी निकाय के साथ एक साझेदारी (collaborate) की है?
Ans	✓ A. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)
	✗ B. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)
	✗ C. केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI)
	✗ D. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)

Q.88	अक्टूबर 2025 में दिल्ली सरकार और आईआईटी कानपुर ने धूमकुहरा (smog) को साफ करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा उपाय किया, जो अंततः कम वायुमंडलीय नमी के कारण असफल सिद्ध हुआ?
Ans	✓ A. कृत्रिम वर्षा के लिए क्लाउड-सीडिंग
	✗ B. शहर भर में वाहनों पर प्रतिबंध लगाना
	✗ C. सभी सार्वजनिक पार्कों में बड़े पैमाने पर वायु शोधक लगाना
	✗ D. एक सप्ताह के लिए औद्योगिक परिचालन पर प्रतिबंध

Q.89	'नवरंग' और 'पिंजरा' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्ध किस दिग्गज अभिनेत्री और नर्तकी का अक्टूबर 2025 में निधन हो गया?
Ans	✗ A. ज्योति चांडेकर
	✗ B. मधुमती
	✗ C. सुलक्षणा पंडित
	✓ D. संध्या शांताराम

Q.90	RSS की अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाली मई 2025 में प्रकाशित 'संघतील मानवी व्यवस्थापन (Sanghatil Manavi Vyavasthapan)', किस राजनेता द्वारा लिखी गई थी?
Ans	✗ A. शशि थरूर
	✗ B. योगी आदित्यनाथ
	✓ C. नितिन गडकरी
	✗ D. अमित शाह

Q.91	इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) ने मई 2025 में निम्नलिखित में से किस देश के लिए $2.3bn फंड की मंजूरी प्रदान की?
Ans	✗ A. सीरिया
	✓ B. पाकिस्तान
	✗ C. श्रीलंका
	✗ D. यूक्रेन

Q.92	निम्नलिखित में से किस कमान ने दिसंबर 2025 में, बंगाल की खाड़ी में स्थित एक परीक्षण रेंज से भारतीय सेना द्वारा ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के सफल युद्ध प्रक्षेपण में भाग लिया?
Ans	✗ A. पूर्वी कमान (Eastern Command)
	✓ B. दक्षिणी कमान (Southern Command)
	✗ C. उत्तरी कमान (Northern Command)
	✗ D. पश्चिमी कमान (Western Command)

Q.93	IMF विश्व आर्थिक परिदृश्य, 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस देश की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में जीडीपी वृद्धि (GDP growth) सबसे अधिक रहने का अनुमान है?
Ans	✗ A. चीन
	✗ B. जापान
	✗ C. संयुक्त राज्य अमरीका
	✓ D. भारत

Q.94	जनवरी 2025 में, मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने जोवाई में किस स्थान पर छठे मेघालय खेलों का उद्घाटन किया?
Ans	✗ A. शिलांग खेल परिसर
	✗ B. तुरा इंडोर स्टेडियम
	✓ C. वाहियाजेर मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम
	✗ D. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम

Q.95	सितंबर 2025 में आयोजित वार्षिक हाथी कायाकल्प शिविर मध्य प्रदेश के निम्नलिखित में से किस बाघ अभयारण्य में आयोजित किया गया था?
Ans	✗ A. कान्हा बाघ अभयारण्य
	✓ B. बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य
	✗ C. संजय टाइगर रिजर्व
	✗ D. सतपुड़ा बाघ अभयारण्य

Q.96	2025 लॉरियस अवार्ड्स में स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर विद डिसेबिलिटी के लिए किस खिलाड़ी को चुना गया?
Ans	✗ A. लियू याक्सिन (Liu Yaxin)
	✗ B. सोफी पास्को (Sophie Pascoe)
	✗ C. ऐली सिमंड्स (Ellie Simmonds)
	✓ D. जियांग युयान (Jiang Yuyan)

Q.97	मार्च 2025 में किस नए निजी पुनर्बीमाकर्ता (private reinsurer) ने भारतीय बाजार में प्रवेश किया?
Ans	✓ A. वैल्यूएटिक्स रीइंश्योरेंस (Valueattics Reinsurance)
	✗ B. जनरल री (General Re)
	✗ C. फाल्कन री (Falcon Re)
	✗ D. ABC रीइंश्योरेंस (ABC Reinsurance)

Q.98	डॉ. सी. आनंदरामकृष्णन को ______ के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान श्री श्रेणी में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।
Ans	✗ A. जैविक विज्ञान
	✗ B. चिकित्सा
	✓ C. कृषि विज्ञान
	✗ D. परमाणु ऊर्जा

Q.99	13 से 19 जनवरी 2025 तक खो खो विश्व कप किस शहर में आयोजित किया गया था?
Ans	✗ A. चेन्नई
	✗ B. मुंबई
	✓ C. नई दिल्ली
	✗ D. कोलकाता

Q.100	नवंबर 2024 में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने __________ में भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य अंतरग्रहीय आवास स्थितियों का अनुकरण करना और वैज्ञानिकों को पृथ्वी से परे एक स्थायी बेस स्टेशन स्थापित करने की व्यवहार्यता का पता लगाने में मदद करना था।
Ans	✗ A. चांदीपुर
	✓ B. लेह
	✗ C. पोखरण
	✗ D. तवांग

"